

# प्रतिबिम्ब

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

### इस्पात को गति में परिवर्तित करते हुए.........

सप्तम् संस्करण | वर्ष–3 अंक–7 | सितम्बर 2020

## महाप्रबन्धक महोदय का संदेश



भारतीय रेल ने विगत कुछ वर्षों में सराहनीय परिवर्तन कर, संरक्षा, स्वच्छता, पारदर्शिता एवं यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किये है।

इसी क्रम में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए वित्त वर्ष 2019–20 में 1930 कोच का उत्पादन किया जो अभी तक का एक वर्ष में सर्वाधिक उत्पादन है तथा पिछले वित्तीय वर्ष 2018–19 की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2020–21 में कोविड–19 की कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए भी हम उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है।

किसी भी देश के विकास के लिये उसकी अपनी भाषा का मुख्य योगदान होता है इस दिशा में राजभाषा की अहम भूमिका है। व्यवसाय एवं तकनीकी क्षेत्र में भी राजभाषा हिन्दी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

यह प्रसन्नता का विषय है कि राजभाषा विभाग अपने 'प्रतिबिम्ब पत्र' के अंक–7 का प्रकाशन करने जा रहा है जो सभी के लिए सूचनावर्धक एवं ज्ञानवर्धक होगा। आरेडिका के 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अधिकतर कार्य हिन्दी में करना चाहिए।

मैं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके कुशल कार्यक्षमता के लिए बधाई देता हूँ।

**वी.एम. श्रीवास्तव**
महाप्रबंधक

## मुख्य राजभाषा अधिकारी



विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष राजभाषा पखवाड़े के दौरान राजभाषा विभाग, प्रतिबिंब पत्र का प्रकाशन करने जा रहा है। इस पत्र में सभी विभागों की संक्षिप्त एवं उत्कृष्ट कार्यों का विवरण प्राप्त होता है साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति प्रेम एवं आदर का भाव भी परिलक्षित होता है। इस पत्र के प्रकाशन पर मैं हार्दिक बधाई देता हूँ।

एम.के. अग्रवाल
मुख्य राजभाषा अधिकारी

## सामग्री प्रबन्धन

भण्डार विभाग द्वारा 5 करोड़ रूपये से अधिक की खरीद में रिवर्स ऑक्शन प्रणाली लागू किया गया है, जिससे कि सरकारी क्रय में भाग लेने वाले निविदाकर्ताओं के बीच प्रतिस्पर्द्धा बढ़ी है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष इन्वेंट्री टीओआर में सुधार प्रतिशत 9.44 रहा। हमेशा की तरह भण्डार विभाग द्वारा स्टॉक वस्तुओं की उपलब्धता को 100 प्रतिशत के स्तर पर रखा है।

## परियोजना विभाग

इस वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान अब तक 5 मशीनों की कमीशनिंग की गयी है एवं 03 महत्वपूर्ण एम एण्ड पी की पीटीसी जारी किया गया है। पद्ध 01 नं स्टेनलेस स्टील कट वायर कोच ब्लास्ट प्लांट
ii) इन्ट्रीग्रेटेड शेल असेम्बली एंड असेम्बली लाइन
iii) 2496 बाक्स पैलेटस

इस वित्तीय वर्ष में परियोजना विभाग द्वारा एम सी एफ में ई–ऑफिस लागू कराया गया जिससे कार्य करने में पारदर्शिता आयी है।

## लेखा विभाग

गत वित्तीय वर्ष 2019–20 में अप्रैल से जुलाई 2019 तक कारखाना (एम.सी.एफ.) द्वारा कुल 554 कोच का उत्पादन किया गया। जिसकी लागत रू. 1068.74 करोड़ की वसूली विभिन्न रेलवे से लेखा द्वारा कीगई। जबकि वर्तमान वित्त वर्ष 2020–21 में इस अवधि जून और जुलाई–2020 में 252 कोच का उत्पादन हुआ है जिसमें कोरोना महामारी के कारण अप्रैल और मई–2020 में कोई कोच का उत्पादन नहीं हो सका और रू. 553.52 करोड़ की वसूली की गई जो गत वर्ष तुलना में 51.80 प्रतिशत है।

लेखा विभाग मासिक आधार पर **Exchequer** की गम्भीरता से समीक्षा करता है तथा तदानुसार बोर्ड से धन की व्यवस्था करता है। सरकार का अनावयक धन (पूँजी) **Block** न हो तथा कारखाने की माँग के अनुरूप धन सदैव उपलब्ध रहे इसके लिए लेखा विभाग दृढ़ संकल्प है। चालू वित्त वर्ष में 05 अगस्त तक कुल रू. 1287.86 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

## विद्युत विभाग

आरेडिका के टाईप–IV SS, DS टाईप–टाईप–VI के 280 मकानों के रसोई घर में लगे ओवर साईज एवं हैवी ड्यूटी एग्जास्ट फैन को उपयुक्त साईज एवं रेटिंग के एग्जास्ट फैन से प्रतिस्थापित करने का कार्य की इस वित्त वर्ष में प्रस्तावित है।

विद्युत संरक्षा में सुधार के लिए अधिक, एम सी बी एम सी बी ऑटो कट डिवाइस, आर सी सी सी बी एवं टाइमर इत्यादि की जाँच, एक ड्राइव के अंतर्गत किया जा रहा है।

सभी सर्विस बिल्डिंग, वेंडर, आउट साइडर एवं कालोनी के सभी मकानों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देश के अनुसार लगाया जाना प्रस्तावित है।

आरेडिका में लगने वाले 7 MW की क्षमता वाले **Roof Mounted** सौर ऊर्जा संयंत्र का प्रपोजल टेण्डरिंग स्टेज में है। इस संयंत्र के वित्त वर्ष वर्ष 2020–21 में लगने की संभावना है। इसकी कमिशनिंग के पश्चात संयंत्र में जनित सौर ऊर्जा आरेडिका की पूरी विद्युत ऊर्जा की पूर्ति करने में सक्षम होगा।

आरेडिका कॉलोनी एवं कारखाना परिसर में स्मार्ट मीटर और अकुपेंशी सेन्सर के लगने के पश्चात उनके प्रभावी नियंत्रण एवं निगरानी से विद्युत ऊर्जा की एक अच्छी मात्रा बचाई जा सकेगी एवं आरेडिका कारखाना व कॉलोनी परिसर स्मार्ट फैक्ट्री व टॉऊनशीप में भी परिवर्तित हो सकेगा।

## कार्मिक विभाग

आरेडिका के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में होम्योपैथी दवा आर्सेनिक एलबम–30 का वितरण दिनांक 26/27.05.2020 एवं 29/30.06.2020 को कल्याण केन्द्र, आरेडिका से किया गया।

नोवल कोरोना वायरस कोविड–19 की रोकथाम हेतु एमसीएफ में कार्यरत सभी अधिकारियो, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए मास्क का वितरण घर–घर जाकर किया गया तथा सभी को मास्क का प्रयोग करना अनिवार्य किया गया।

नोवल कोरोना वायरस कोविड–19 की रोकथाम हेतु प्रशांति परिसर, एमसीएफ में निवास कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्री जैसे कि फल, सब्जी, दूध किराने का सामान आदि घर–घर तक पहुँचाने की व्यवस्था की गयी।

नोवल कोरोना वायरस कोविड–19 की रोकथाम के उपाय से सम्बन्धित निर्देश (क्या करें और क्या न करें) तथा एमसीएफ एवं रायबरेली के आपातकाल हैल्पलाइन नंबर सहित पैम्फलेट का वितरण एमसीएफ कर्मचारियों में किया गया तथा एमसीएफ में कर्मचारियों के कार्यस्थल, सार्वजनिक स्थानों में पैम्फलेट लगाये गये।

## सुरक्षा विभाग

वर्ष 2020 में रे0सु0ब0 के अधिकारियो/स्टाफ द्वारा रेल संपत्ति (अवैध कब्जा) अधिनियम 1966 के तहत 05 मुकदमें दर्ज किए है, जिसके तहत रूपये 13400/– की रिकवरी की गई है और संलिप्त कुल 07 बाहरी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही अमल में लायी गई हैं। तथा रेलवे परिसर/वर्क शॉप में अनाधिकृत प्रवेश करने वाले तथा न्यूसेंस उत्पन्न करने वाले कुल 15 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाई की गयी। जिन पर माननीय न्यायालय द्वारा 22000/– रूपये का जुर्माना किया गया।

## संरक्षा सेल

सभी प्रकार के कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक को कार्यस्थल पर जाकर संरक्षा परामर्श एवं आग संबंधी दुर्घटना होने की स्थिति में उसे शमन करने हेतु फायर फाइटिंग ट्रेनिंग दी जाती है। वर्ष मे कई बार मोक ड्रिल करवाया जाता है ताकि उद्योग में होने वाले किसी भी प्रकार दुर्घटना होने पर सकारात्मक प्रयास द्वारा दुर्घटना से होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सके।

## अभियान्त्रिकी विभाग

आवास की अनुपलब्धता की समस्या को कम करने के लिए इस वर्ष 200 टाईप–3, 94 टाईप–2 तथा 70 टाइप IV आवासों तथा अधिकारियों हेतु 50 आवासों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इन आवासों का निर्माण पूर्ण हो जाने पर आवास अनुपलब्धता की समस्या से निजात मिल जायेगी।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना की उत्पादन क्षमता के संवर्धन के लिए एजेंसी निर्धारित की जा चुकी है। एवं विस्तारीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में इंटर रेलवे प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों के ठहरने के लिए टी.टी.सी. होस्टल के ऊपर स्पोर्ट्स होस्टल बनाने का कार्य प्रगति पर है। इसे शीघ्र पूरा किया जायेगा।

## जनसम्पर्क विभाग

आरेडिका के द्वारा किये जा रहेक विभिन्न प्रकार के कार्यो के प्रचार–प्रसार के लिए भारतीय रेल द्वारा जारी होने वाली पत्रिका के लिए (हिन्दी और अंग्रेजी में) रेलवे बोर्ड को लेख भेजा जाता है, 2019 में माह अप्रैल, सिम्बर, अक्टूबर एवं माह नवम्बर में आरेडिका संबंधी लेख प्रकाशित हुआ एवं अप्रैल 2020 कोविड 19 संबंधी विशेष लेख प्रकाशित किये गए।

एमसीएफ जनसंपर्क विभाग सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से आरेडिका द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यों के बारे में प्रचार प्रसार किया जा सके इसके लिए भी प्रयासरत है इसके लिए फेसबुक, ट्वीटर, आदि का उपयोग किया जा रहा है।

## टीटीसी विभाग

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र में विश्वव्यापी महामारी (केविड–19) को फैलने से रोकने के लिये विगत तीन माह के दौरान निम्नलिखित कार्य किये गयें

मास्क उत्पादन एवं वितरण :– लॉकडाउन के दौरान यहाँ पर 30671 मास्क का उत्पादन किया गया एवं सभी अधिकारी/कर्मचारी तथा उनके परिवार के सभी सदस्यों में वितरित किया गया।

पी पी ई किट का उत्पादन एवं वितरण :– लॉकडाउन के दौरान यहाँ पर 500 टू पीस एप्रन एवं 1602 वन पीस एप्रन का उत्पादन किया गया शॉप एवं मेडिकल विभाग को वितरित किया गया।

शू कवर का उत्पादन एवं वितरण:– लॉकडाउन के दौरान यहाँ पर 130 शू कवर का उत्पादन किया गया और मेडिकल विभाग को वितरित किया गया।

## राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) के अन्तर्गत आने वाले कागजात

1. सामान्य आदेश – **General Orders**
2. सूचनायें – **Notices**
3. अधिसूचनायें – **Notification**
4. प्रेस विज्ञप्तियाँ/प्रेस नोट – **Press Communiques/Press Notes**
5. संविदायें – **Contracts**
6. करार – **Agreements**
7. लाइसेन्स – **Licences**
8. परमिट – **Permits**
9. टेंडर फार्म और नोटिस – **Form of Tender & Notices**
10. संकल्प – **Resolution**
11. नियम – **Rule**
12. प्रशासनिक रिपोर्ट और संसद में प्रस्तुत सरकार प्रलेख – **Administrative reports & Official documents laid before the Parliament.**

इन कागजातों को द्विभाष रूप में जारी करना हमारी संवैधानिक अनिवार्यता है।

रबर स्टैम्प, पत्र शीर्ष और सील का उपयोग करने से पहले सुनिश्चित करें कि वे :


- हिन्दी–अंग्रेजी द्विभाषी रूप में है।
- हिन्दी ऊपर तथा अंग्रेजी नीचे लिखें।
- हिन्दी–अंग्रेजी के अक्षर समान होने चाहिये।

✤ ✤ ✤

अपने विभाग/कार्यालय के शत–प्रतिशत कार्य हिन्दी में करने के लिये नामित अनुभागों की जानकारी रखें और उनमें पूरा कार्य हिन्दी में करवायें।

✤ ✤ ✤

# आरेडिका की महत्वपूर्ण झलकियाँ




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते महाप्रबन्धक महोदय।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्बोधित करते महाप्रबन्धक महोदय।



दिनांक 3.9.2020 को शब्द अनुवाद प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतियोगीगण।



राजभाषा पखवाड़ा 2020 में दिनांक 3.9.2020 को उपस्थित अधिकारीगण एवं प्रतियोगीगण।



दिनांक 5.9.2020 को निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतियोगीगण।



आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तकालय में निबन्ध लिखते कर्मचारीगण।



आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तकालय में प्रश्नोत्तरी (क्विस) प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतियोगीगण।



दिनांक 7.9.2020 को प्रश्नोत्तरी (क्विस) प्रतियोगिता में उपस्थित अधिकारीगण एवं प्रतियोगीगण।


संरक्षक
श्री वी.एम. श्रीवास्तव
महाप्रबन्धक

प्रमुख सम्पादक
श्री एम.के. अग्रवाल
मुख्य राजभाषा अधिकारी

सम्पादक
श्री नीरज श्रीवास्तव
वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी


CPRT Enterprises 9506945471, 8090190190